**सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण संचालनालय, मध्यप्रदेश**
पत्रकार कॉलोनी, लिंक रोड नम्बर-3, भोपाल- 462016
फोन-0755-2556916, ईमेल- dir.socialjustice@mp.gov.in

**क्रमांक/I/276003/2025** भोपाल, 26-05-2025

प्रति,

**संयुक्त संचालक / उप संचालक**
सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिरण,
जिला - समस्त, मध्यप्रदेश

**विषय:- दिनांक 14/05/2025 को आयोजित वी.सी का कार्यवाही विवरण के संबंध में।**

--00--

दिनांक **14/05/2025** को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विभागीय योजनाओं/विभागीय कार्यो की प्रगति की समीक्षा की गई, जिसमें सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, संचालनालय एवं जिले के अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे। वीडियो कॉफ्रेसिंग में निम्नलिखित निर्देश दिये गये:-

1. सर्वप्रथम समाधान ऑनलाईन कार्यक्रम दिनांक **02.05.2025** में मान. मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव महोदय द्वारा दिये गये निर्देशों के संबंध में समस्त जिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अवगत कराया गया एवं उक्त निर्देशों का कडाई से पालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।
2. मुख्यमंत्री हेल्पलाईन में विगत **3** माहों जनवरी, फरवरी एवं मार्च **2025** में सबसे खराब ग्रेडिंग वाले **5** जिले एवं श्रेष्ठ ग्रेडिंग वाले **5** जिलों की समीक्षा की गई। भोपाल, ग्वालियर, शिवपुरी, मंदसौर एवं मैहर जिलों की ग्रेडिंग सबसे निम्न है। उक्त जिलों में ग्रेडिंग में सुधार लाने हेतु निर्देशित किया गया। सिंगरोली, निवाड़ी, दतिया, आगर मालवा एवं शाजापुर जिलों की ग्रेडिग सबसे श्रेष्ठ है। उक्त जिलों को अपने प्रदर्शन को बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया।
3. ततपश्चात विभाग की विगत दो विडियो कॉन्फ्रेसिंग दिनांक **09.04.2025** एवं **23.04.2025** में चर्चा कर निराकरण के निर्देश दिये जाने के उपरांत भी लंबित शिकायतों के निराकरण हेतु संबंधित जिला अधिकारियों को निर्देशित किया गया एवं **3** कार्य दिवस में निराकरण प्रतिवेदन संचालनालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।
4. विभाग की महत्वपूर्ण हितग्राही मूलक योजनाओं की लंबित शिकायतों के संबंध में जिलेवार चर्चा की गई। समस्त जिला अधिकारियों को अवगत कराया गया कि विभाग की इन योजनाओं से संबंधित शिकायतों को प्राय: समाधान ऑनलाईन

कार्यक्रम में चयनित किया जाता है। अत: प्राथमिकता के आधार पर उक्त शिकायतों का समय- सीमा में निराकरण सुनिश्चित करायें।

5. समस्त जिला अधिकारियों/कर्मचारियों को आईगाट कर्मयोगी पोर्टल पर पंजीयन कर असाईन किये गये 5 कोर्स करने हेतु निर्देशित किया गया।

6. विभागांतर्गत दिव्यांगता के क्षेत्र में संचालित शासकीय संस्थाओं में छात्र/छात्राओं की सुविधा एवं आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराये जाने तथा भवन संधारण तथा पर्याप्त सफाई व्यवस्था एवं सुरक्षा के संबंध में निर्देशित किया गया।

7. केन्द्रीय प्रवृतित योजना नेशनल एक्शन प्लान फॉर ड्रग डिमांड रिडक्शन (NAPDDR) स्कीम अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 का "Distict Action Plan" एवं इम्पीलिमेंटींग एजेन्सी का Zero Balance Subsidary Account खोले जाने हेतु निर्देशित किया गया।

8. प्रदेश में नशामुक्ति के क्षेत्र में केन्द्रीय अनुदान से संचालित तथा गैर अनुदान प्राप्त आवासीय अशासकीय संस्थाओं का वर्ष- 2025 के प्रथम त्रिमास (माह जनवरी- मार्च) का गुणवत्ता आडिट रिपोर्ट/निरीक्षण विभागीय मोबाईल एप से कराकर आवश्यक रूप से संचालनालय को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

9. विभागीय पोर्टल पर आनबोर्डिग हेतु नशामुक्ति से संबंधित शेष संस्थाओं को आनबोर्ड करने एवं मासिक रिपोर्ट ऑनलाईन दर्ज कराने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही प्रत्येक जिले की एक ग्राम पंचायत को नशामुक्ति ग्राम पंचायत घोषित कराया जाकर 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुरस्कृत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

10. 31 मई 2025 को "विश्व तम्बाकू निषेध दिवस" के अवसर पर समस्त नगरीय निकायों/ग्राम पंचायतों में नशामुक्ति हेतु शपथ कार्यक्रम आयोजित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

11. दिनांक 01 से 26 जून 2025 तक नशा निवारण दिवस के आयोजन अंतर्गत जिला, संभाग एवं राज्य स्तरीय आयोजन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

12. पत्रकार/एन.जी.ओ/वालंटियर्स का प्रशिक्षण सह उन्मुखिकरण कार्यशाला आयोजित करना एवं शहरी बस्तियों एवं ग्राम पंचायतों के प्रचार-प्रसार कराने हेतु निर्देशित किया गया।

13. दिनांक 26 जून 2025 को संचालनालय में नशा निवारण दिवस अंतर्गत किये गये आयोजनों का पुरस्कार वितरण सह समापन किया जाना प्रस्तावित है।

14. भारत सरकार की अटल वयो अभ्युदय योजना अंतर्गत प्रदेश में संचालित स्वैच्छिक संस्थाओं के नवीन श्रेणी एवं संचालित श्रेणी के अनुदान प्रस्ताव ई अनुदान पोर्टल पर दर्ज कराते हुए हार्ड कॉपी संचालनालय को उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित

किया गया।

15. प्रदेश में स्वैच्छिक संस्थाओं के माध्यम से संचालित वरिष्ठ आश्रमों के लंबित विभागीय मान्यता प्रस्ताव पोर्टल पर दर्ज कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।
16. समस्त जिला अधिकारियों को सीपीग्राम पोर्टल से प्राप्त लंबित शिकायतों का तत्काल निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया।

| S.N | Comp id | Name | District | Block | P_Days |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 31803044 | रामनाथ | इन्दौर | इन्दौर (न.नि.) | 34 |
| 2 | 31360986 | पूजा | उज्जैन | बडनगर | 64 |
| 3 | 31348164 | मांगु पिता लक्ष्मण | उज्जैन | उनहेल (ग्रामीण) | 65 |
| 4 | 31303248 | राजेश्वरी हरीश | कटनी | विजयराघवगढ | 68 |
| 5 | 32270522 | अंकित | खण्डवा | खालवा | 4 |
| 6 | 32153936 | अंकित | खण्डवा | खालवा | 12 |
| 7 | 30822902 | Shashikand | ग्वालियर | ग्वालियर (एम कार्पोरेशन | 99 |
| 8 | 30939978 | सुको बाई | जबलपुर | जबलपुर (न.नि.) | 91 |
| 9 | 32154032 | MANGILAL | नीमच | नीमच (ग्रामीण) | 12 |
| 10 | 32287297 | भूपेन्द्रिसंह जी | पन्ना | अमानगंज (ग्रामीण) | 3 |
| 11 | 31414408 | बी पी | राजगढ | नर्सिंहगढ | 60 |
| 12 | 32156455 | Smt MAYA | शहडोल | बुढार (ग्रामीण) | 12 |
| 13 | 31502854 | काली | शिवपुरी | शिवपुरी | 54 |
| 14 | 32157001 | Shri PRABODH | सतना | सतना (एम कार्पोरेशन ) | 12 |
| 15 | 32173655 | शुभम लोधी जी | सागर | बीना (ग्रामीण) | 11 |
| 16 | 30518575 | दिरेंद्र | सागर | सागर (न.नि.) | 123 |
| 17 | 32211642 | Smt VIMLA BAI | सिवनी | लखनादौन (ग्रामीण) | 8 |
| 18 | 30806650 | हिमांसु विस्कर्मा जी | सिवनी | सिवनी | 101 |
| 19 | 29603302 | हिमांसु विस्कर्मा जी | सिवनी | सिवनी | 193 |
| 20 | 29358644 | विष्णु पाल | सीधी | सीधी | 210 |

VISHWAJEET JHARIA
JOINT DIRECTOR

पृ.क्र/I/276003/2025 भोपाल26-05-2025

**प्रतिलिपि:-**

1. प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग।
2. समस्त संभागीय आयुक्त मध्यप्रदेश।
3. समस्त कलेक्टर, मध्यप्रदेश।

4. समस्त आयुक्त नगर निगम म.प्र.।

5. समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, म.प्र।

6. समस्त संयुक्त/उप संचालक, मुख्यालय संचालनालय सामाजिक न्याय एव दिव्यांगजन सशक्तिकरण संचालनालय म.प्र की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

7. समस्त संयुक्त/उप संचालक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण जिला-समस्त, म.प्र की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

8. समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका/नगर परिषद/नगर पंचायत म.प्र.।

9. समस्त प्रशासकीय अधिकारी, जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र, म.प्र.।

10. जिला समग्र संयोजक/समस्त समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मध्यप्रदेश।

Digitally signed by
Vishwajeet Jharia
Date: 26-05-2025
13:26:05

**VISHWAJEET JHARIA**

**JOINT DIRECTOR**